कार्यालयः–अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

आदेश संख्या/सेवायें अराज0/ 168 /3 क (2)/विज्ञप्ति/2016–17 दिनांक 30 मई 2016

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद, देहरादून के विज्ञापन संख्या–5600/उप्रशिप/एल0टी0 भर्ती/2014 दिनांक 23.02.2014 द्वारा जारी विज्ञप्ति के कम में परीक्षा संस्था के पत्र दिनांक 02.05.2016 एवं पत्र दिनांक 04.05.2016 द्वारा सहायक अध्यापक एल0टी0 वेतनकम में 60 प्रतिशत सीधी भर्ती एवं 10 प्रतिशत विभागीय लिखित परीक्षा के आधार पर (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) चयनित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराई गयी है। चयनित अभ्यर्थियों की विषयवार/शाखावार सूची परीक्षा संस्था की वेबसाईट **www.ubter.in** पर उपलब्ध है। परीक्षा संस्था द्वारा निम्नांकित विषयों में गढ़वाल मण्डल हेतु आवंटित/चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच के उपरान्त काउंसिलिंग के माध्यम से उनकी पदस्थापना की जानी है। अतः परीक्षा संस्था द्वारा उपरोक्त वैबसाईट पर विषयवार जारी चयनित सूची के कम में निम्न सारिणी के कॉलम सं0–05 में अंकित कमानुसार चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने मूल अभिलेखों एवं अभिलेखों की छायाप्रति (एक सैट) सहित निम्न समय–सारणी के अनुसार कॉलम सं0–06 व 07 में निर्धारित तिथियों में प्रातः 10.00 बजे मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अन्य विषयों मे चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हेतु तिथि बाद में प्रकाशित की जायेगी।

क0 सं0	विषय	परीक्षा का माध्यम	शाखा	विषय में चयनित सूची का कमांक	अभिलेख सत्यापन/स्कूटनिंग हेतु निर्धारित तिथि	काउंसिलिंग की निर्धारित तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	अंग्रेजी	10 प्रतिशत विभागीय लिखित परीक्षा	सामान्य	सूची कमांक–01 से 19 तक	04 जून 2016	05 जून 2016
		60 प्रतिशत सीधी भर्ती	महिला	सूची कमांक–01 से 14 तक		
			सामान्य	सूची कमांक–01 से 134 तक एवं अनुकमांक–521002060		
2	संगीत	10 प्रतिशत विभागीय लिखित परीक्षा	सामान्य	अनुकमांक–540209023	06 जून 2016	06 जून 2016
3	गृह विज्ञान	10 प्रतिशत विभागीय लिखित परीक्षा	सामान्य	अनुकमांक–540110092		
			महिला	सूची कमांक–01 से 03 तक		
		60 प्रतिशत सीधी भर्ती	सामान्य	सूची कमांक–01 से 04 तक		
			महिला	सूची कमांक–01 से 15 तक		

30/5/2016

(रामकृष्ण उनियाल)
मण्डलीय अपर निदेशक (मा0शि0)
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

पृ0सं0/ सेवायें अराज0/ 5466-67 /3 क (2)/विज्ञप्ति/2016–17 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने की कृपा कीजियेगा।

2- दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के संस्करण में सशुल्क विज्ञापित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल भी प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

30/5/16

(रामकृष्ण उनियाल)
मण्डलीय अपर निदेशक (मा0शि0)
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।